डॉ. अजित कुमार मोहान्ती
**Dr. Ajit Kumar Mohanty**

सत्यमेव जयते
भारत सरकार
**Government of India**

अध्यक्ष, परमाणु ऊर्जा आयोग
व
सचिव, परमाणु ऊर्जा विभाग
**Chairman, Atomic Energy Commission**
**&**
**Secretary, Department of Atomic Energy**



## संदेश

प्रिय साथियो,

हिंदी दिवस (14 सितंबर 2026) के पावन अवसर पर, परमाणु ऊर्जा विभाग के आप सभी कर्मठ साथियों को मेरी हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ।

यह वर्ष हमारे विभाग के लिए विशिष्ट उपलब्धि का वर्ष रहा है। हाल ही में कल्पाक्कम स्थित स्वदेशी प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर (पीएफबीआर) ने 'प्रथम क्रांतिकता' की ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है, जिसने भारत को परमाणु ऊर्जा के दूसरे चरण में सफलतापूर्वक प्रवेश दिलाया है। यह अभूतपूर्व वैज्ञानिक कदम राष्ट्र को सुरक्षित, समृद्ध और ऊर्जावान बनाने के हमारे दृढ़ संकल्प का जीवंत प्रमाण है।

हमारा विभाग वैज्ञानिक आत्मनिर्भरता, राष्ट्रीय चेतना और सांस्कृतिक गौरव के एकीकरण के पथ पर अग्रसर है। वैज्ञानिक नवाचार की यह दिव्य ऊर्जा तब तक अधूरी है, जब तक इसका लाभ देश के अंतिम नागरिक तक न पहुँचे। वैज्ञानिक अनुसंधानों एवं तकनीकों और आत्मनिर्भरता के संदेश को जन-जन तक सरल भाषा में पहुँचाने का महत्वपूर्ण कार्य हमारी राजभाषा हिंदी पूरी निष्ठा से कर रही है। हिंदी केवल संप्रेषण का माध्यम नहीं, बल्कि विज्ञान को समाज से जोड़ने वाला एक सुदृढ़ सेतु है।

अपने वैज्ञानिक दायित्व के निर्वाह के साथ-साथ विभाग और इसकी विभिन्न यूनिटों ने राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में भी अभूतपूर्व प्रगति की है। वर्षों के अनवरत प्रयासों के अच्छे परिणाम अब हमारे सामने आने लगे हैं। मैं विभाग की विभिन्न इकाइयों के प्रधानों को उनके प्रयासों के लिए बधाई देता हूँ और आशा करता हूँ कि आने वाले समय में हम राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में इस उत्कृष्टता को सफलता से बनाए रखेंगे।

आइए, हम संकल्प करें कि तकनीकी नवाचार की इस यात्रा को राजभाषा के गौरव से समृद्ध करते हुए, एक वैभवशाली, आत्मनिर्भर और शक्तिशाली भारत का निर्माण करें।

आप सभी को पुन: हिंदी दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ।

जय हिंद।

अजित कुमार मोहान्ती
(डॉ. अजित कुमार मोहान्ती)

14 सितंबर, 2026

राष्ट्र की सेवा में परमाणु
प ऊ वि
DAE
ATOMS IN THE SERVICE OF THE NATION

अणुशक्तिभवन, छत्रपति शिवाजी महाराज मार्ग, मुंबई - 400 001, भारत • Anushakti Bhavan, Chhatrapati Shivaji Maharaj Marg, Mumbai - 400 001, India
दूरभाष/Phone:+(91) (22) 2202 2543 • फैक्स/Fax: +(91) (22) 2204 8476 / 2284 3888
ई-मेल/E-mail: chairman@dae.gov.in